दिनांकः 28.03.2026
समय : 18.30 पीएम
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश कर रही है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों के साथ वीसी के माध्यम से एल.पी.जी. की स्थिति की समीक्षा की–कालाबाज़ारी और जमाखोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विद्यार्थियों से प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़कर देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार विकसित भारत के निर्माण के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व निवेश कर रही है। प्रधानमंत्री आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्‌घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में, बुनियादी ढांचे के बजट में छह गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है।

..............

प्रधानमंत्री ने मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के समय आमजन से शांति और धैर्य बनाये रखने की अपील की।

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में एल.पी.जी. की कालाबाज़ारी और जमाखोरी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा आज जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एल.पी.जी. की स्थिति के बारे में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से जमीनी हालात का फीडबैक लेने और गैस आपूर्ति की प्रभावी निगरानी करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को रसोई गैस की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि गैस वितरण में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रिंटिंग उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। वे आज जयपुर के जे.ई.सी.सी. में आयोजित 'नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो–2026' को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इस क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। इस दौरान, उपमुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रिंटिंग तथा पैकेजिंग की नई तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने युवाओं और स्टार्टअप्स को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है।

जयपुर में आज भारतीय चाय की गुणवत्ता और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरुकता लाने के लिए 'इंडिया टी वॉकेथॉन' का आयोजन किया गया। भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन चाय बोर्ड द्वारा आयोजित इस वॉकथॉन को सुबह साढ़े सात बजे पत्रिका गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम की एक्जीक्यूटिव अरुणिका पुकन ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को भारतीय चाय की विभिन्न किस्मों और इसकी शुद्धता के बारे में जानकारी देना है।

..............

राजस्थान आवासन मण्डल की 'समृद्धि अपार्टमेंट योजना' को प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर, डॉ. शर्मा ने कहा कि यह सम्मान मण्डल की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उच्च गुणवत्ता वाले फ्लैट्स को उनकी अनुमानित लागत से भी कम कीमत पर आमजन को उपलब्ध कराया गया है।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विद्यार्थियों से प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया है। श्री बागडे आज सीकर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में 'प्रेरणा स्थल', अनुसंधान केंद्र और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को उत्कृष्ट बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी शिक्षा का उपयोग राष्ट्र के विकास और आमजन के कल्याण के लिए करने की अपील की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 132वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। ये कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट, न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल एप और एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी उपलब्ध होगा।

आज अर्थ आवर डे है। ये एक वैश्विक आंदोलन है जिसमें पूरी दुनिया में एक घंटा गैर जरूरी लाईटे बंद कर ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया जाता है। इसका मकसद लोगों को बिजली के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। इस साल अर्थ आवर डे की 20वीं वर्षगांठ मनायी जा रही है और स्थानीय समय के अनुसार रात साढे आठ बजे से साढे 9 बजे तक ऊर्जा खपत को कम करने के लिए गैर जरूरी लाइटें बंद रखी जायेगी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ऊर्जा संरक्षण की पहल करते हुए आमजन से अर्थ आवर डे में सहभागिता निभाने की अपील की है।

जल संसाधन विभाग ने श्रीगंगानगर में गंगनहर क्षेत्र में सिंचाई शुल्क की पूरी वसूली के लिए बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की है। विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि अब तक 318 किसानों की पानी की बारी बंद की जा चुकी है। इसी के तहत, वसूली कार्य में लापरवाही बरतने पर 69 प्रबंध समितियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इन समितियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी किसानों से अपना बकाया शुल्क कल तक जमा कराने की अपील की है, जिससे उन्हें सिंचाई के लिए पानी मिलने में कोई परेशानी न हो।

चित्तौड़गढ़ जिले में अफीम तुलाई कल से शुरू होगी। नारकोटिक्स विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभाग के अनुसार, चित्तौड़गढ़ के पहले खंड में कल से तौल प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जबकि दूसरे और तीसरे खंड में यह काम 2 अप्रैल से शुरू होगा। प्रदेश में उनसठ हजार से अधिक अफीम किसानों की फसल का तौल किया जाएगा। चित्तौड़गढ़ जिला इक्कीस हजार से अधिक लाइसेंस के साथ प्रदेश में सबसे आगे है। इस बार तौल का कार्य गम और सीपीएस पद्धति के आधार पर किया जा रहा है।

आईपीएल क्रिकेट के 19वें संस्करण की आज से बेंगलुरु में शुरूआत होने जा रही है। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मैच शाम साढे सात बजे से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा।

यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा। हालांकि, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पारम्परिक उद्‌घाटन समारोह रद्द कर दिया है। यह निर्णय पिछले वर्ष जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 प्रशंसकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए लिया गया है। अधिकारियों ने घोषणा की है कि उनकी स्मृति में इस सत्र में स्टेडियम की 11 सीटें स्थायी रूप से खाली रखी जाऐंगी।

भीलवाड़ा के पुलिस लाइन ग्राउंड में आज अजमेर रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रूपेन्द्र सिंह ने इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर, एडीजी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि पदक सीमित हो सकते हैं, लेकिन खिलाड़ियों को जीत से ज्यादा अपने विकास और खेल भावना पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने खेल को टीम भावना और अनुशासन बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया।

..............

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने बालोतरा जिले को सबसे अधिक ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए राज्य में अव्वल घोषित किया है। विश्व क्षय रोग दिवस पर जयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ये घोषणा की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात ने इस उपलब्धि के लिए पुरस्कार प्राप्त किया।

भारतीय डाक विभाग ने क्लिक एण्ड बुक सेवा शुरू की है। इसके तहत घर बैठे ही स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक किये जा सकेंगे। पहले इसके लिए पोस्ट ऑफिस जाना पडता था। किन्तु अब पोर्टल और मोबाईल एप के माध्यम से ही बुकिंग संभव होगी। नई व्यवस्था के अनुसार 500 रूपये से अधिक शुल्क वाले पार्सल का घर से पिकअप निशुल्क रहेगा। वहीं 500 रुपये से कम के पार्सल पर 50 रूपये का पिकअप शुल्क लिया जायेगा।